# उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ

वेबसाइटः **hajcommittee.up.gov.in** ; ई–मेल : **hajcommittee.up@gmail.com**


पत्रांक : जी–II/408/एस0एच0सी/2026 दिनांक : 05.09.2026

## –: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई ने सर्कुलर–12 दिनांक 03.09.2026 के माध्यम से सूचित किया है कि हज–2027 में हज यात्रियों की सुविधार्थ सऊदी अरब में तैनात किये जाने हेतु राज्य हज इंस्पेक्टर (एस0एच0आई0) की कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (सी0बी0टी) दिनांक 13.09.2026 (रविवार) को निर्धारित की गयी है, जिसका कार्यक्रम निम्नवत हैः–

| | |
|---|---|
| Date of Computer based Test (CBT) | 13-09-2026 |
| Log-in & Verification | 10:10 AM-11:00 AM; No login thereafter |
| Test Start Time | 11:00 AM |
| Test End Time | 01:00 PM |

उक्त कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (सी0बी0टी) मानव निरीक्षित ऑनलाइन परीक्षा **(Human-Proctored mode)** के अन्तर्गत सम्पन्न करायी जाएगी, जिसके लिए परीक्षार्थी कैमरा व माइक्रोफोन युक्त डेस्कटॉप व लैपटॉप का उपयोग कर किसी भी सुविधाजनक स्थान जैसे घर अथवा कार्यालय आदि स्थल से दे सकते हैं। मॉक टेस्ट सुविधा दिनांक 10.09.2026 को अपराह्न 03:00 बजे से दिनांक 11.09.2026 को सायंकाल 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

मॉक टेस्ट व कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा हेतु हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा लॉग–इन विवरण, सिस्टम स्पेसिफिकेशन व परीक्षा हेतु **URL** अर्ह अभ्यर्थियों के रजिस्टर्ड ई–मेल आई.डी. पर प्रेषित किया जाएगा व उनके मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस के माध्यम से भी सूचना प्रेषित की जाएगी।

कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (सी0बी0टी) 170 अंकों की होगी, जिसमें 60 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिसमें 35 प्रश्न तथ्य आधारित व 25 प्रश्न स्थिति आधारित होंगे। परीक्षा 120 मिनट की होगी । परीक्षा का प्रारुप व पाठ्यक्रम हज कमेटी आफ इण्डिया के सर्कुलर–7 के एनेक्जर–III में उपलब्ध है।

MOHD TARIQ

Digitally signed by MOHD TARIQ
Date: 2026.09.05 14:32:17 +05'30'

(मोहम्मद तारिक़)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज को मा0 मंत्री जी को अवगतार्थ।
3. मा0 अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
4. मा0 सदस्यगण, उ0प्र0 राज्य हज समिति, लखनऊ।
5. प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, उ0प्र0 अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
7. समस्त ज़िलाधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।
9. सूचना अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 ।

(मोहम्मद तारिक़)
सचिव/कार्यपालक अधिकारी